आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन की मासिक टॉप और बॉटम 10 ज़िलों की रैंकिंग जारी

चर्चा में क्यों?

- 17 सितंबर, 2023 को जनसुनवाई समाधान प्रणाली, आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की अगस्त माह की टॉप और बॉटम 10 ज़िलों की रैंकिंग मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की गई है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली के पैमाने पर जनसुनवाई में प्रदेश में अमेठी व कन्नौज सबसे बेहतर रहे हैं जबकि बागपत व गोरखपुर के ज़िलाधिकारियों की कार्यशैली सबसे खराब पाई गई है।
    - **टॉप और बॉटम 10 ज़िलाधिकारी** : आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के कार्यों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 ज़िलाधिकारियों में क्रमशः अमेठी, कन्नौज, श्रावस्ती, शाहजहाँपुर, सोनभद्र, गाजियाबाद, महोबा, मिर्ज़ापुर, हापुड़ और भदोही हैं। वहीं लिस्ट में बॉटम 10 में बागपत, गोरखपुर, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, सिद्धार्थनगर, सहारनपुर, रामपुर और मुरादाबाद के ज़िलाधिकारी हैं।
- इसी तरह अलीगढ़ व श्रावस्ती सबसे अच्छे पुलिस अधीक्षकों वाले ज़िले पाए गए हैं, जबकि बरेली एसएसपी और लखनऊ पुलिस आयुक्त की कार्यशैली सबसे खराब पाई गई है।
    - **टॉप और बॉटम 10 पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी :** जारी लिस्ट में प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य करने वाले पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी में क्रमशः अलीगढ़, श्रावस्ती, सोनभद्र, हमीरपुर, कुशीनगर, फर्रुखाबाद, कासगंज, चित्रकूट, भदोही और हाथरस हैं। इसी प्रकार बॉटम 10 में क्रमशः बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, फतेहपुर, झाँसी, अयोध्या, एटा, हापुड़, आजमगढ़ और संत कबीर नगर के पुलिस अधिकारी हैं।
- इसके अलावा लिस्ट में सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली प्रदेश की तहसीलों को भी शामिल किया गया है। तहसीलों के कार्यों के विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर ये लिस्ट तैयार हुई है।
    - **टॉप और बॉटम 10 तहसीलें** : टॉप 10 तहसीलों में अलीगढ़ की कोल, जौनपुर की केराकत और बदलापुर, श्रावस्ती की इकौना, प्रयागराज की सदर, बागपत की बड़ौत, अलीगढ़ की अतरौली, बुलंदशहर की स्याना, जालौन की उरई और अमरोहा की हसनपुर तहसील शामिल हैं। इसी प्रकार खराब प्रदर्शन वाली बॉटम 10 में क्रमशः रामपुर की बिलासपुर, कन्नौज की तिर्वा और छिबरामऊ, रामपुर की मिलक, हापुड़ की धौलाना, हाथरस की हाथरस, संत कबीरनगर की खलीलाबाद, खीरी की धौरहरा, कन्नौज की कन्नौज और रायबरेली की ऊँचाहार तहसील शामिल हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/monthly-ranking-of-top-and-bottom-ten-districts-of-igrs-and-cm-helplin-released